न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विभिन्न पत्र संख्या : 110 / 2024

प्रार्थीगण अप्रार्थीगण

बिरबलराम बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी वगैरा

किस्म मुकदमा– राजस्व विभिन्न प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10/1/25	प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मे खसरा नम्बर 476 रकबा 1.1736 हैक्टर खसरा नम्बर 495 रकबा 3.2212 हैक्टर खसरा नम्बर 502 रकबा 2.0639 हैक्टर भूमि ग्राम मोजा सालावास मे आई हुई है उक्त भूमि संयुक्त खातेदारी की भूमि हैं प्रार्थी के पिता भीखाराम का देहान्त होने के बाद म्यूटेशन संख्या 1951 विरासत के जरिये प्रार्थी का नाम विरमराम पुत्र भीखाराम के नाम राजस्व रेकर्ड मे दर्ज कर लिया गया। इसलिए प्रार्थी द्वारा राजस्व रेकर्ड मे विरमराम पुत्र भीखाराम के स्थान पर बिरबलराम उर्फ विरमराम पुत्र भीखाराम के नाम शुद्व किया जाने हेतु न्यायालय मे प्रार्थना पत्र पेश किया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को समन जारी होकर तहसीलदार लूणी से मौका जॉच रिपोर्ट वास्ते तहरीर जारी की गई। तहसीलदार लूणी के पत्र क्रमाक / भूअ / 2024 / 3776 दिनाक 09.12.2024 के रिपोर्ट मे ग्राम सालावास के नामान्तरकरण संख्या 1951 के जरिये भीखाराम पुत्र फूसाराम जाति माली सा देह के फौत होने से भंवरलाल राणाराम जिमनाराम विशनाराम विरमाराम पि भीखाराम पतासी पुत्री भीखाराम जाति माली सा देह खातेदार का नाम राजस्व रेकर्ड मे दर्ज किया गया ग्राम सालावास की जमाबन्दी सवत 2077–2080 मे प्रार्थी का नाम विरमाराम पुत्र भीखाराम जाति माली सा देह खातेदार दर्ज है प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज मे प्रार्थी का नाम बिरबलराम पुत्र भीखाराम दर्ज है मोतबिरान से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि बिरबलराम और विरमराम एक ही व्यक्ति के दो नाम है। प्रार्थी का राजस्व रेकर्ड मे विरमाराम उर्फ बिरबलराम पुत्र भीखाराम दर्ज किया जाने की अनुशषा तहसीलदार लूणी द्वारा की गई। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा ,136 भू.राजस्व अधिनियम का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य प्रतीत होने पर स्वीकार किया जाकर तहसीलदार लूणी को आदेश दिया जाता है कि खसरा नम्बर 476 रकबा 1.1736 हैक्टर खसरा नम्बर 495 रकबा 3.2212 हैक्टर खसरा नम्बर 502 रकबा 2.0639 हैक्टर भूमि ग्राम मोजा सालावास मे प्रार्थी का नाम विरमराम पुत्र भीखाराम के स्थान पर बिरबलराम उर्फ विरमराम पुत्र भीखाराम का नाम शुद्व किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।	

कार्यालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट (लूणी)

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी